**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 26.04.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 15वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं, तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है। साथ ही दुनिया में अपनी पहचान भी बनाता है।

...............

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ ही दिनों में मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए मीडिया, गेमिंग और मनोरंजन क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का यह अभूतपूर्व अवसर है। ये मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। नए भर्ती हुए कर्मचारी राजस्व विभाग, कार्मिक और लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केंद्र सरकार की नौकरियों में शामिल होंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा।

000

वैष्णो देवी मंदिर की सुरक्षा के लिए जम्मू के रियासी जिले के कटरा में स्थित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र मई महीने के पहले सप्ताह से सक्रिय हो जाएगा। एआई से लैस नए नियंत्रण केंद्र में सात सौ सीसीटीवी कैमरों और आधुनिक उपकरणों के माध्यम से मंदिर क्षेत्र और यात्रा मार्ग में कड़ी निगरानी की जाएगी। केवल अधिकृत पिट्ठू और खच्चर वालों को अपनी सेवाएं देने की अनुमति दी जाएगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कल इस संबंध में सेना और सुरक्षा तथा खुफिया विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

000

सलूम्बर जिले के सराड़ा ब्लॉक के डिंगरी में कल रात चौपाल लगाई गई। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित इस रात्रि चौपाल में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी और जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने आमजन की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम निलेश कुमार कलाल, तहसीलदार, बीडीओ और सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। चौपाल में ग्रामीणों को श्रमिक कार्ड, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, अंतर जातीय विवाह, अनुप्रति कोचिंग योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

000

राज्य में पश्चिम विक्षोभ के असर से आज कई स्थानों पर बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, टोंक, बूंदी, नागौर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर और अजमेर जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है। इसके साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस बीच, राज्य में तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। बीते 24 घंटों में 25 शहरों का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 44 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस के साथ पिलानी सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में गर्मी से मामूली राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी हवाएं चलने और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी–बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके साथ ही तापमान में कमी के आसार हैं।

000